**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Demand to regularize the services of Casual workers, contract workers, daily wages and ASHA workers in Jammu and Kashmir.

**श्री हसनैन मसूदी (अनन्तनाग):** चेयरपर्सन साहब, जम्मू-कश्मीर में एक लाख के करीब डेली वेजर्स, कैजुअल वर्कर्स, कांट्रैक्ट वर्कर्स दस साल से रेगुलराइजेशन का इंतजार कर रहे हैं।... (व्यवधान)

उनका जो वेज है, वह नहीं मिल रहा है। उनके अलावा सीआईसी ऑपरेटर्स दस साल से अपने रेगुलराइजेशन का इंतजार कर रहे हैं और इंसाफ का तकाजा कर रहे हैं।... (व्यवधान) उसके अलावा आशा वर्कर्स के बारे में आपको मालूम है कि आशा वर्कर्स ने कोविड के टाइम में की-रोल अदा किया है। उनका जो वेतन है, जो वेज है, वह अंडर पेड है। उसके अलावा जम्मू कश्मीर के हालात संगीन से संगीनतर होते जा रहे हैं। हमने नियम 193 के तहत शॉर्ट डिस्कशन के लिए एक नोटिस दिया हुआ है।... (व्यवधान) उस डिस्कशन की इजाजत दी जाए। हैदरपोरा, रामबाग, लावेपोरा के जो शूटआउट्स हुए हैं, उनकी तहकीकात के लिए हमने कॉलिंग अटैंशन नोटिस दिया है। उस पर गौर किया जाए, ताकि जल्दी से जल्दी जो ज्यूडिशियल प्रोब है, वह आरंभ हो, उसकी शुरुआत हो।... (व्यवधान)